# रणजीत टाइम्स
साप्ताहिक अख़बार

प्रधान संपादक:गोपाल गावंडे
वर्ष-14।अंक-01।कुल पृष्ठ:8-मूल्य-2 रु.
RNI No. MPHIN/2015/64585

इंदौर, प्रति मंगलवार, 26 मई 2026 से 01 जून 2026 तक




# पेट्रोल-डीजल के फिर बढ़े दाम

## डीजल 100 पार \ पेट्रोल 115 से ज्यादा

**इस महीने कब-कब बढ़े रेट**

15 मई - करीब 3 रुपए प्रति लीटर बढ़ोतरी
19 मई - लगभग 90 पैसे की बढ़ोतरी
23 मई - 87 से 91 पैसे तक इजाफा
25 मई - फिर करीब 3 रुपए प्रति लीटर की बढ़ोतरी

**भोपाल। मध्यप्रदेश में पेट्रोल-डीजल की लगातार बढ़ती कीमतों ने आम लोगों की चिंता बढ़ा दी है। तेल कंपनियों ने 25 मई को फिर ईंधन के दाम बढ़ा दिए।**

पेट्रोल में 2.61 रुपये और डीजल में 2.71 रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी की गई है। इसके साथ ही प्रदेश के कई शहरों में पेट्रोल 115 रुपये के करीब पहुंच गया, जबकि डीजल 100 रुपये के पार निकल गया है। भोपाल में अब पेट्रोल 114.65 रुपये और डीजल 99.74 रुपये प्रति लीटर बिक रहा है। प्रदेश के बड़े शहरों में उज्जैन सबसे महंगा हो गया है, जहां पेट्रोल 115.03 रुपए और डीजल 100.11 रुपए प्रति लीटर पहुंच गया। इंदौर में पेट्रोल 114.54 रुपए और डीजल 99.57 रुपए हो गया है। जबलपुर और ग्वालियर में भी तेल की कीमतों में बढ़ोतरी दर्ज की गई है।

### 11 दिन में चौथी बार बढ़े दाम

मई महीने में यह चौथी बार है जब तेल कंपनियों ने कीमतें बढ़ाई हैं। 15 मई से शुरू हुई बढ़ोतरी के बाद अब तक पेट्रोल-डीजल करीब 8 रुपए प्रति लीटर तक महंगे हो चुके हैं।

### बढ़ेगा मालभाड़ा, महंगी होंगी रोजमर्रा की चीजें

डीजल महंगा होने का सीधा असर परिवहन पर पड़ेगा। ट्रक और मालवाहक वाहनों का किराया बढ़ने से सब्जियां, फल, राशन और दूसरे जरूरी सामान महंगे हो सकते हैं। स्कूल बस, ऑटो और सार्वजनिक परिवहन का किराया भी बढ़ने के संकेत हैं। खेती-किसानी पर भी असर पड़ेगा। ट्रैक्टर और पंपिंग सेट चलाने का खर्च बढ़ने से किसानों की लागत बढ़ेगी, जिसका असर अनाज और खाद्य वस्तुओं की कीमतों पर पड़ सकता है।

### कच्चे तेल की कीमतें बनी वजह

अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में तेजी को इस बढ़ोतरी की मुख्य वजह बताया जा रहा है। ईरान-अमेरिका तनाव के बाद क्रूड ऑयल 70 डॉलर प्रति बैरल से बढ़कर 100 डॉलर प्रति बैरल के पार पहुंच गया है। तेल कंपनियों का कहना है कि बढ़ती लागत के कारण दाम बढ़ाना जरूरी हो गया था।

### कमलनाथ ने सरकार पर साधा निशाना

पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने सोशल मीडिया पर सरकार को घेरते हुए कहा कि सरकार महंगाई रोकने के बजाय पूरा बोझ जनता पर डाल रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि जब कच्चे तेल के दाम कम थे तब जनता को राहत नहीं दी गई और अब लगातार कीमतें बढ़ाई जा रही हैं।

# ध्वज पूजन के साथ शिप्रा तीर्थ परिक्रमा की शुरुआत

**26 मई को 351 फीट लंबी चुनरी अर्पित करेंगे सीएम**




**उज्जैन. उज्जैन में शिप्रा तीर्थ परिक्रमा की शुरुआत सोमवार को रामघाट से हुई। ध्वज पूजन के साथ इस यात्रा का शुभारंभ किया गया।**

दो दिन तक चलने वाली इस परिक्रमा में शिप्रा नदी के किनारे स्थित विभिन्न मंदिरों और महत्वपूर्ण स्थानों का भ्रमण किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 26 मई को रामघाट पर मां शिप्रा को 351 फीट लंबी चुनरी अर्पित करेंगे।

शिप्रा तीर्थ परिक्रमा हर साल उज्जैन में निकाली जाती है। इस वर्ष इसकी शुरुआत रामघाट पर ध्वज पूजन के साथ हुई। रामघाट पर शिप्रा तीर्थ परिक्रमा के कार्यकारी अध्यक्ष महंत रामेश्वरदास महाराज और राज्यसभा सदस्य उमेशनाथ महाराज मौजूद रहे। प्रभारी मंत्री गौतम टेटवाल, नगर निगम सभापति कलावती यादव, महापौर मुकेश टटवाल और विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा भी शामिल हुए।

यात्रा शुरू होने से पहले रामघाट पर पंडितों ने ध्वज पूजन किया। इसके बाद अतिथियों का स्वागत किया गया और यात्रा प्रारंभ हुई। इस यात्रा में पुरातत्ववेत्ता, इतिहासकार, वैज्ञानिक और साधु-संतों ने भाग लिया।

यात्रा के पहले दिन यह रामघाट से शुरू हुई। यात्रा नरसिंह घाट, कर्कराज मंदिर, जगदीश मंदिर, जंतर-मंतर वेधशाला, नानाखेड़ा, महामृत्युंजय द्वार, प्रशांति धाम, सांई मंदिर और त्रिवेणी शनि मंदिर से होते हुए गुरुकुल स्कूल पहुंचेगी। गुरुकुल स्कूल में विश्राम और भोजन की व्यवस्था की गई है। इसके बाद यात्रा सिकंदरी, गोठड़ा, दाऊदखेड़ी, चिंतामण से होते हुए भूखी माता, गुरुनानक घाट और दत्त अखाड़ा घाट पहुंचेगी। शाम को रामघाट पर भजन संध्या का आयोजन होगा।

## आबकारी विभाग झाबुआ द्वारा ग्राम कयडावद बड़ी से

# लाखों रुपये मूल्य की अवैध शराब जप्त



**झाबुआ जिले में अवैध मदिरा के संग्रहण, परिवहन एवं विक्रय पर प्रभावी रोकथाम हेतु कलेक्टर डॉ. योगेश तुकाराम भरसट एवं उपायुक्त आबकारी, संभागीय उड़नदस्ता इंदौर संभाग इंदरसिंह जामोद के निर्देशानुसार आबकारी विभाग द्वारा सतत कार्रवाई की जा रही है।**

इसी क्रम में जिला आबकारी अधिकारी बसंती भूरिया के निर्देशन में दिनांक 24 मई 2026 को मुखबिर की सूचना पर ग्राम कयडावद बड़ी के तीतरिया फलिया क्षेत्र में कार्रवाई की गई। आबकारी दल द्वारा संदिग्ध मकान की विधिवत तलाशी लेने पर भारी मात्रा में अवैध विदेशी मदिरा बरामद की गई।

कार्रवाई के दौरान मैजिक मोमेंट वोडका की 52 पेटी, लंदन प्राईड व्हिस्की की 20 पेटी, लंदन प्राईड वोडका की 20 पेटी तथा रॉयल स्टेग व्हिस्की की 22 पेटी सहित कुल 114 पेटी विदेशी मदिरा जप्त की गई। जप्त मदिरा की कुल मात्रा 984.96 बल्क लीटर एवं अनुमानित बाजार मूल्य 11 लाख 50 हजार 80 रुपये आंका गया है।

मौके से आरोपी रमण पिता जोगड़ा डामोर, निवासी ग्राम कयडावद बड़ी फरार हो गया। आरोपी के विरुद्ध मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 (संशोधित 2000) की धारा 34(1)(क) एवं 34(2) के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है। उक्त कार्रवाई सहायक जिला आबकारी अधिकारी महादेव सोलंकी के मार्गदर्शन में आबकारी उपनिरीक्षक अकलेश सोलंकी द्वारा की गई। कार्रवाई में आबकारी विभाग के श्रीराम शर्मा, सोहन नायक, पवन गाडरिया, विजय चौहान, वाहन चालक दीपक एवं बहादुर का विशेष योगदान रहा।

आबकारी विभाग द्वारा जिले में अवैध मदिरा के संग्रहण, परिवहन एवं विक्रय के विरुद्ध कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी।

# बाराबंकी में व्यापारी से बंधक बनाकर लूट का मामला तूल पकड़ा

## राष्ट्रहित व्यापार मंडल ने दिया धरने का अल्टीमेटम





मोहम्मद आसिफ रिपोर्ट लखनऊ

**बाराबंकी। देव थाना क्षेत्र में किराना व्यापारी आलोक जायसवाल से बंधक बनाकर लाखों की लूट का मामला अब तूल पकड़ता जा रहा है। मामले में व्यापारियों की सुरक्षा को लेकर सवाल खड़े हो गए हैं।**

आज रविवार को राष्ट्रहित व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष श्री नारायण सिंह उर्फ सुनील पंडित बाराबंकी पहुंचे। उन्होंने पीड़ित आलोक जायसवाल और उनके परिवार से मुलाकात कर उन्हें हरसंभव मदद का आश्वासन दिया।

पीड़ित आलोक जायसवाल ने प्रदेश अध्यक्ष को बताया कि बदमाशों ने उन्हें बंधक बनाकर करीब 14.5 लाख रुपये नकद और लाखों रुपये के सोने की अंगूठियां व जेवर लूट लिए। इस दौरान राष्ट्रहित व्यापार मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष सर्वजीत सिंह सूर्यवंशी के निर्देश पर प्रदेश अध्यक्ष मौके पर पहुंचे और परिवार व व्यापारी को संगठन का पूरा समर्थन देने का भरोसा दिलाया। प्रदेश अध्यक्ष श्री नारायण सिंह ने कहा कि अगर पुलिस प्रशासन जल्द इस घटना का पर्दाफाश नहीं करता है तो राष्ट्रहित व्यापार मंडल के सभी पदाधिकारी विशाल धरना-प्रदर्शन करने को बाध्य होंगे। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व्यापारी सुरक्षा की लगातार बात करते हैं, लेकिन इस घटना ने व्यवस्था पर बड़े सवाल खड़े कर दिए हैं।

# चलित खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला ने झाबुआ हाट बाजार में की खाद्य सामग्री की जांच

**झाबुआ, खाद्य सुरक्षा प्रशासन द्वारा संभाग स्तरीय चलित खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला (एमएफटीएल) के माध्यम से आज झाबुआ नगर स्थित कृषि उपज मंडी में लगने वाले हाट बाजार का निरीक्षण किया गया। इस दौरान खाद्य पदार्थों के नमूनों की मौके पर ही जांच कर मिलावट की पहचान की गई।**



खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने बताया कि जिले में चल रहे 3 दिवसीय भ्रमण कार्यक्रम के अंतर्गत आज हाट बाजार में कुल 16 खेरची एवं फेरी विक्रेताओं की दुकानों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान विक्रय हेतु रखे गए विभिन्न मसालों के नमूने लेकर उनकी गुणवत्ता की जांच की गई।

जांच में मुख्य रूप से जीरा, सौंफ, दालचीनी, पूजा पत्री, हल्दी, धनिया एवं मिर्च मसाला सहित कुल 46 नमूनों का परीक्षण किया गया। परीक्षण के दौरान मसालों में सामान्यतः की जाने वाली रंग मिलावट की जांच की गई। जांच में दो नमूने अमानक स्तर के पाए गए, जिनकी लगभग 700 ग्राम मात्रा को मौके पर ही नष्ट कराया गया।

खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने बताया कि जिले में चलित खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला 24 मई से 26 मई 2026 तक विभिन्न क्षेत्रों में आकस्मिक निरीक्षण कर खाद्य पदार्थों में मिलावट की जांच करेगी। अभियान का उद्देश्य आमजन को सुरक्षित एवं गुणवत्तायुक्त खाद्य सामग्री उपलब्ध कराना तथा खाद्य पदार्थों में मिलावट पर प्रभावी नियंत्रण सुनिश्चित करना हैं।

# झाबुआ पुलिस ने बामनझीरी मोड़ पर हुए अंधेकत्ल का किया खुलासा, आरोपी गिरफ्तार

रिपोर्टर :- सलीम हुसैन

**फरियादी ईश्वर पारगी निवासी चंवरापाड़ा द्वारा बताया कि उसका भाई शांतु पारगी दिनांक 17.05.2026 को लापता हो गया है। काफी तलाश करने पर भी नहीं मिला।**





दिनांक 18.05.2026 को शांतु पारगी का शव बामनझीरी क्षेत्र से बरामद हुआ, जिसके चेहरे पर गंभीर चोटों के निशान पाए गए। जिस पर से पुलिस द्वारा मर्ग कमांक 35/2026 दर्ज कर जांच में लिया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर थाना पेटलावद में अपराध क्रमांक 239/2026 धारा 103 (1) भारतीय न्याय संहिता का मामला दर्ज कर विवेचना प्रारंभ की गई।

मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक झाबुआ देवेंद्र पाटीदार द्वारा स्वयं घटनास्थल का निरीक्षण कर महत्वपूर्ण बिंदुओं पर जांच के निर्देश दिए गए। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक झाबुआ प्रतिपाल सिंह महोबिया एवं एसडीओपी पेटलावद अनुरक्ति साबनानी के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी पेटलावद निरीक्षक निर्भयसिंह भूरिया के नेतृत्व में अलग-अलग पुलिस टीमों का गठन कर जांच की गई।

जांच के दौरान पुलिस को जानकारी मिली कि मृतक घटना वाले दिन अपने मित्र दिनेश उर्फ दितिया मोरी निवासी चंवरापाड़ा के साथ देखा गया था। घटनास्थल से मिले शराब के क्वार्टर, पानी की बोतल एवं अन्य भौतिक साक्ष्यों के आधार पर पुलिस का संदेह आरोपी पर गहराया। दिनांक 23.05.2026 को मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने आरोपी दिनेश मोरी को गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि मृतक उसकी गैरमौजूदगी में उसके घर आता-जाता था, जिससे वह नाराज रहता था। इसी रंजिश के चलते आरोपी ने शराब पार्टी के बहाने मृतक को सुनसान स्थान पर ले जाकर टामी से हमला कर उसकी हत्या कर दी।

### सराहनीय योगदान

इस कार्रवाई में थाना प्रभारी पेटलावद निरीक्षक निर्भयसिंह भूरिया, सउनि. प्रहलादसिंह चुंडावत, प्रआर 71 विजेन्द्र यादव, आरक्षक 677 हर्ष केमा, आरक्षक 527 अनिल अमलियार, आरक्षक 623 मोतीलाल, आरक्षक कान्तीलाल पारंगी, आरक्षक 303 विकास, आरक्षक 164 वेरसिंह, आरक्षक 259 राजेन्द्र परिहार, आरक्षक 336 राहुल मुझाल्दा, आरक्षक 147 रविन्द्र बर्डे एवं साइबर सेल टीम की विशेष भूमिका रही।

रणजीत टाइम्स
प्रधान संपादक : गोपाल गावंडे



## संपादकीय



आज के समय में पत्रकारिता केवल खबरों का माध्यम नहीं, बल्कि समाज का दर्पण बन चुकी है। जब आम नागरिक अपनी समस्याओं, उम्मीदों और आवाज़ को किसी मंच तक पहुँचाना चाहता है, तब निष्पक्ष पत्रकारिता उसकी सबसे बड़ी ताकत बनती है। समाज में बढ़ती चुनौतियों, भ्रष्टाचार, अव्यवस्था और सामाजिक मुद्दों को उजागर करना मीडिया की जिम्मेदारी है। पत्रकारिता का उद्देश्य केवल घटनाओं को दिखाना नहीं, बल्कि सच को सामने लाकर जनजागरण करना भी है। रणजीत टाइम्स हमेशा जनहित, सत्य और निष्पक्षता के सिद्धांतों पर कार्य करता रहा है। हमारा प्रयास है कि हर वर्ग की आवाज़ प्रशासन और समाज तक पहुँचे तथा सकारात्मक बदलाव की दिशा में सार्थक पहल हो। हम सभी पाठकों, पत्रकार साथियों और सहयोगियों का हृदय से आभार व्यक्त करते हैं, जिनके विश्वास से यह सफर लगातार आगे बढ़ रहा है। सत्य और समाजहित की यह कलम आगे भी निर्भीक होकर चलती रहेगी।

— गोपाल गावंडे-संपादक,

## गंगा दशहरा जल के प्रति कृतज्ञता का पर्व

**भोपाल. भारतीय संस्कृति और हिंदू धर्म में नदियों को मात्र जल स्रोत नहीं, बल्कि देवी के रूप में पूजा जाता है। इनमें गंगा का स्थान सर्वोपरि है।**

गंगा दशहरा या गंगावतरण ज्येष्ठ मास के शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि को मनाया जाने वाला प्रमुख त्यौहार है। इस दिन को गंगा दशहरा, गंगा दशमी या दशहरा के नाम से जाना जाता है। यह पर्व गंगा नदी के पृथ्वी पर अवतरण की स्मृति में मनाया जाता है। दरअसल, गंगा दशहरा जल के प्रति कृतज्ञता का पर्व है.

गंगा यानी पवित्र-साफ जल के इसी महत्व को समझते हुए यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने जल संरक्षण को एक राष्ट्रीय जन आंदोलन का रूप दिया है। उन्होंने जल को विकास का प्रमुख पैरामीटर बनाते हुए हर घर जल और जल है तो कल है के संकल्प को साकार किया। उनके नेतृत्व में जल शक्ति मंत्रालय का गठन, जल जीवन मिशन, नमामी गंगे, अमृत सरोवर मिशन और जल शक्ति अभियान जैसी ऐतिहासिक पहल हुईं, जिन्होंने देश की जल सुरक्षा को नई दिशा दी है।

अमृत सरोवर योजना ने जल संरक्षण को नया आयाम दिया। प्रत्येक जिले में 75 जलाशयों के निर्माण या पुनरुद्धार का लक्ष्य रखा गया। अब तक 70 हजार से अधिक अमृत सरोवर तैयार हो चुके हैं। इनसे वर्षा जल संचयन, भूजल रिचार्ज और सिंचाई सुविधा बढ़ी है। यह मिशन आजादी का अमृत महोत्सव का हिस्सा है और सामुदायिक भागीदारी का उत्कृष्ट उदाहरण है। नमामी गंगे परियोजना, सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट, नदी फ्रंट विकास और जैव विविधता संरक्षण के कार्य भी हो रहे हैं। इसी प्रकार प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजनाके तहत प्रति बूंद अधिक फसल का मंत्र दिया गया, जिसमें ड्रिप और स्प्रिंकलर सिंचाई को बढ़ावा मिला। कैच द रेन अभियान ने वर्षा जल संचयन को जन आंदोलन बनाया। प्रधानमंत्री ने बार-बार कहा कि पानी बचाना स्वच्छ भारत मिशन की तरह सामूहिक दायित्व है। उनके मार्गदर्शन में लाखों जल संरचनाएं बनीं, चेकडैम, रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम और पारंपरिक जल स्रोतों का पुनरुद्धार हुआ।

इन प्रयासों का परिणाम साफ दिखता है। भूजल रिचार्ज बढ़ा है, ओवर-एक्सप्लॉइटेड इकाइयों की संख्या घटी है और कई जिलों में जल संकट कम हुआ है।

**Jahir suchna**

My old name was Asha. I have changed my name. My new name is Asha Khatwani W/o Heera Nand Khatwani. I will be known by my new name Asha Khatwani W/o Heera Nand Khatwani Adress;- 19 Sadhu Nagar Manik Bagh Road Indore (M.P.)

जामसावली हत्याकांड का खुलासा

# गुजरात से प्रेमिका से मिलने आया था युवक, विवाद के बाद प्रेमिका ने ही की हत्या

**सौसर. जामसावली मंदिर के पास मिले अज्ञात युवक के शव के मामले में सौसर पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए अंधकत्ल की गुत्थी को सुलझा लिया है।**



मृतक की शिनाख्त हो चुकी है और चौंकाने वाला खुलासा हुआ है कि युवक की हत्या किसी और ने नहीं, बल्कि उसकी ही प्रेमिका ने की थी।

### मोबाइल से हुई मृतक की शिनाख्त

सौसर टीआई रूपलाल उइके ने बताया कि पुलिस ने जब मामले की बारीकी से जांच शुरू की, तो मृतक के मोबाइल नंबर के जरिए उसकी पहचान आकाश परमार, निवासी कोड़रम, जिला बनासकांठा गुजरात के रूप में हुई। शिनाख्त होने के बाद जब पुलिस ने कॉल डिटेल्स और सोशल मीडिया अकाउंट्स को खंगाला, तो कत्ल की कड़ियां एक-एक कर जुड़ती चली गईं।

### सोशल मीडिया पर हुई थी दोस्ती, मिलने आया था जामसावली

टीआई उइके के मुताबिक, आकाश और आरोपी युवती की दोस्ती सोशल मीडिया के माध्यम से हुई थी। दोनों के बीच नजदीकियां इतनी बढ़ गईं कि मोबाइल पर उनकी हर रोज बातचीत होती थी। अपनी इसी प्रेमिका से मिलने के लिए आकाश विशेष रूप से गुजरात से जामसावली आया हुआ था। 24 मई की रात दोनों जामसावली में साथ थे, जहां किसी बात को लेकर दोनों के बीच तीखी बहस और विवाद हो गया।

### विवाद के बाद प्रेमिका ने ही ली जानः

पुलिस जांच में सामने आया है कि रात में हुए आपसी विवाद के दौरान तैश में आकर प्रेमिका ने ही आकाश की हत्या कर दी और शव को मंदिर के पास फेंक दिया। पुलिस के अनुसार, आरोपी प्रेमिका मूल रूप से चिरेवानी थाना लावाघोघरी, जिला छिंदवाड़ा की निवासी है, जो वर्तमान में जामसावली में रह रही थी।

### हत्या में और भी लोगों की संभावना, जांच जारी

इस सनसनीखेज हत्याकांड के सामने आने के बाद पुलिस हर पहलू की बारीकी से तफ्तीश कर रही है। टीआई रूपलाल उइके का कहना है कि यह एक गंभीर मामला है। प्रथम दृष्टया प्रेमिका द्वारा हत्या की बात सामने आई है, लेकिन इस वारदात में कुछ और लोगों की संलिप्तता होने का पूरा अंदेशा है।

क्या शव को ठिकाने लगाने या हत्या की साजिश में कोई और भी शामिल था, इसका खुलासा जल्द ही आरोपियों की गिरफ्तारी और विस्तृत पूछताछ के बाद किया जाएगा।

फिलहाल पुलिस ने आरोपी प्रेमिका को हिरासत में ले लिया है और मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत अन्नपूर्णा तालाब का विकास





इंदौर/आदित्य शर्मा

**जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत गंगा दशमी पर्व के अवसर पर अन्नपूर्णा तालाब में जलाशय पूजन एवं तालाब विकास कार्यों का भूमि पूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया।**

जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट, महापौर श्री पुष्यमित्र भार्गव और विधायक श्री मधु वर्मा ने अन्नपूर्णा तालाब में गंगा दशमी पर जलाशय पूजन कर 1.50 करोड़ रुपये के विकास कार्यों और छठ पूजा घाट निर्माण का भूमि पूजन किया। इस अवसर पर नागरिकों को जल संरक्षण की शपथ दिलाई गई।मंत्री श्री सिलावट ने जल संरक्षण को जनआंदोलन बनाने का आह्वान करते हुए कहा कि जल का उत्पादन नहीं, केवल संरक्षण और प्रबंधन संभव है। महापौर श्री भार्गव ने वर्षा जल संरक्षण, रेन वाटर हार्वेस्टिंग और प्रत्येक शुक्रवार "नो कार डे" अपनाने की अपील की। उन्होंने बताया कि बढ़ती आबादी के साथ जल की मांग बढ़ी है, इसलिए जल संरक्षण भविष्य की सबसे बड़ी आवश्यकता है। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों और नागरिकों ने जल एवं पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया।

# बांधवगढ़ टाइगर रिज़र्व के मृत बाघ के शव का होगा पुनः परीक्षण

**भोपाल. बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के बाघ की मृत्यु के उपरांत प्रोटोकाल अनुसार मृत बाघ के शव का परीक्षण कराया गया।**

वरिष्ठ स्तर के निर्देश पर नेशनल टाइगर कंजर्वेशन अथॉरिटी के प्रतिनिधि एआईजी, एनटीसीए क्षेत्रीय कार्यालय नागपुर के समक्ष तीन पशु चिकित्सकों- डॉ. निधि राजपूत, पशुचिकित्सक SWFH जबलपुर, डॉ. अभय सेंगर, पशु चिकित्सक, मुकुंदपुर एवं डॉ. प्रशांत देशमुख, पशुचिकित्सक, WCT द्वारा SWFH जबलपुर में पुनः शव परीक्षण होगा। प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्यजीव) की सदस्य सचिव, NTCA, DELHI से हुई चर्चा अनुसार बाघ के शव के पुनः परीक्षण के लिये उसे SWFH जबलपुर में सुरक्षित पहुंचाया जाकर डीप फ्रिज में रखा गया। क्षेत्र संचालक, बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व सम्पूर्ण घटना क्रम में प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख और प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्यजीव) के साथ सतत संपर्क में हैं।

# "नशे से दूरी है जरूरी" अभियान के तहत आबकारी विभाग द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित

## नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जानकारी देकर नशे से दूर रहने हेतु किया गया प्रेरित

इंदौर/आदित्य शर्मा

**कलेक्टर श्री शिवम वर्मा के निर्देशानुसार एवं सहायक आयुक्त आबकारी श्री अभिषेक तिवारी के मार्गदर्शन में आबकारी विभाग द्वारा "नशे से दूरी है जरूरी" अभियान के अंतर्गत जिले के विभिन्न क्षेत्रों में जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए।**





अभियान के तहत विद्यार्थियों, ग्रामीणजनों एवं आम नागरिकों को नशे के शारीरिक, मानसिक, सामाजिक एवं आर्थिक दुष्परिणामों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। उपस्थित लोगों को बताया गया कि नशा व्यक्ति के स्वास्थ्य के साथ-साथ उसके भविष्य, परिवार एवं सामाजिक जीवन पर भी गंभीर नकारात्मक प्रभाव डालता है।

कार्यक्रमों में सभी को स्वस्थ एवं सकारात्मक जीवनशैली अपनाने तथा समाज को नशामुक्त बनाने के लिए प्रेरित किया गया।

आबकारी निरीक्षक श्री आशीष जैन एवं त्रियंबिका शर्मा द्वारा महात्मा गांधी इंस्टीट्यूट एवं सत्य मेव जयते इंस्टीट्यूट में आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में विद्यार्थियों को नशे के दुष्परिणामों के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। विद्यार्थियों को बताया गया कि नशा युवाओं के भविष्य एवं उनके व्यक्तित्व विकास को प्रभावित करता है। कार्यक्रम में युवाओं को स्वयं नशे से दूर रहने एवं अपने मित्रों, परिवार तथा समाज के अन्य लोगों को भी नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया गया तथा अंत में सभी विद्यार्थियों को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई गई।

आबकारी उप निरीक्षक कृतिका द्विवेदी द्वारा ग्राम दतोदा ग्राम पंचायत परिसर में आयोजित कार्यक्रम में ग्रामीणजनों को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जानकारी देकर नशे से दूर रहने हेतु प्रेरित किया गया। आबकारी उप निरीक्षक मीना माल द्वारा ग्राम मेमदी, सिमरोल स्थित आंगनवाड़ी केंद्र में महिलाओं एवं ग्रामीणों को जागरूक करते हुए नशा मुक्ति का संदेश दिया गया। इसी क्रम में आबकारी उप निरीक्षक सुनील मालवीय एवं बी.डी. अहिरवार द्वारा अंकुरण नशा मुक्ति केंद्र में कार्यशाला आयोजित कर नशे से होने वाले सामाजिक एवं स्वास्थ्य संबंधी दुष्परिणामों पर चर्चा की गई। सहायक जिला आबकारी अधिकारी धर्मेंद्र जोशी एवं आबकारी उप निरीक्षक मीरा सिंह द्वारा अर्जुनपुरा बस्ती में जनजागरूकता अभियान चलाकर नागरिकों को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया गया। सभी कार्यक्रमों में उपस्थित लोगों को स्वयं नशे से दूर रहने एवं समाज में अन्य लोगों को भी नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करने की शपथ दिलाई गई।

# मास्टर प्लान सड़क चौड़ीकरण के लिए निगम की बड़ी कार्रवाई

## 124 बाधक निर्माण हटाए



इंदौर/आदित्य शर्मा

नगर निगम ने मास्टर प्लान के तहत मधु मिलन चौराहा से छावनी तक प्रस्तावित सड़क चौड़ीकरण कार्य में बाधा बन रहे 124 मकानों के हिस्सों को हटाने की कार्रवाई की। आयुक्त श्री क्षितिज सिंघल ने कार्रवाई शुरू होने के बाद दो बार मौके का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। कार्रवाई में 7 पोकलेन, 10 जेसीबी मशीनों सहित निगम, पुलिस और प्रशासन के करीब 300 अधिकारी-कर्मचारी तैनात रहे। हटाए गए निर्माणों का मलबा तत्काल हटाने के लिए 15 डंपरों की व्यवस्था की गई। निगम ने दावा किया कि कार्रवाई के दौरान यातायात और आमजन को न्यूनतम असुविधा हो, इसका विशेष ध्यान रखा गया।

# मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शहीद करतार सिंह सराभा का किया स्मरण

**भोपाल** . मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने स्वतंत्रता सेनानी, करतार सिंह सराभा की जयंती पर उन्हें नमन किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने उनका स्मरण करते हुए कहा कि श्री सिंह ने मात्र 19 वर्ष की अल्पायु में मातृभूमि के लिए जीवन बलिदान कर दिया। शहीद करतार सिंह सराभा का समर्पण और साहस अनंतकाल तक युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत बना रहेगा।

# मध्यप्रदेश पुलिस का अपराधियों और असामाजिक तत्वों के खिलाफ रातभर चला प्रदेशव्यापी विशेष कॉम्बिंग गश्त अभियान

### कॉम्बिंग गश्त में 2500 से अधिक पुलिसकर्मी मैदान में उतरे

### 2100 से अधिक वारंट तामील/वारंटी गिरफ्तार



**भोपाल.** मध्यप्रदेश में अपराधियों, फरार वारंटियों और असामाजिक तत्वों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करने तथा आमजन में सुरक्षा का भाव मजबूत करने के उद्देश्य से मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा प्रदेश में व्यापक स्तर पर समय-समय पर 'कॉम्बिंग गश्त' अभियान लगातार जारी है। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में देर रात से शुरू होकर सुबह तक चली इस विशेष कार्रवाई में प्रदेशभर के 2500 से अधिक पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी मुस्तैदी से मैदान में उतरे।

इस राज्यव्यापी अभियान के दौरान पुलिस टीमों ने विभिन्न जिलों में रिकॉर्ड 2100 से अधिक वारंट तामील/ वारंटी गिरफ्तार किए। इसके साथ ही सूचीबद्ध बदमाशों, गुंडों, हिस्ट्रीशीटरों और जिला बदर अपराधियों की धरपकड़ व चेकिंग की गई। अभियान के दौरान आबकारी एक्ट, जुआ-सट्टा, अवैध हथियार और मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ भी कार्रवाही की गई।

**प्रमुख कार्रवाई:**

ग्वालियर : पुलिस ने रातभर में 249 फरार वारंटियों (121 स्थायी और 128 गिरफ्तारी वारंट) को गिरफ्तार किया। इसके अलावा 303 गुंडों व हिस्ट्रीशीटरों की जांच कर अवैध शराब व हथियारों पर कार्रवाई की गई।

**जबलपुर** : अपराधियों एवं वारंटियों की धरपकड़ हेतु जबलपुर पुलिस द्वारा कॉम्बिंग गस्त के दौरान 120 स्थाई वारंट एवं 71 गिरफ्तारी वारंट सहित कुल 191 वारंट तामील किए गए।

**टीकमगढ़ (मेगा कॉम्बिंग ऑपरेशन)** : दो दिवसीय विशेष अभियान के तहत जिले में स्थाई 6, गिरफ्तारी 55 एवं 160 जमानती एवं 246 अन्य सहित कुल 467 वारंट तामील किए गए। साथ ही सघन वाहन चेकिंग और आबकारी एक्ट के तहत मामले दर्ज किए गए।

**मुरैना** : पुलिस ने 73 स्थायी वारंटी, 63 गिरफ्तारी वारंटी, ईनामी एवं फरार 14 बदमाशों सहित कुल 150 वारंटियों को गिरफ्तार किया। इसके अतिरिक्त 28 हिस्ट्रीशीटर गुंडे तथा 18 जिलाबदर अपराधियों की चेकिंग की गई। इसके अलावा थाना पहाड़गढ़ पुलिस द्वारा 08 पेटी अवैध देशी शराब कीमत लगभग 44 हजार रुपए की जब्त कर आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई।

**विदिशा** : पुलिस द्वारा जिलेभर में 720 ठिकानों पर दबिश देकर कॉम्बिंग ऑपरेशन संचालित किया गया। अभियान के दौरान 29 स्थायी, 102 गिरफ्तारी एवं 166 जमानती वारंट सहित कुल 297 वारंट तामील किए गए। इसके अतिरिक्त 201 बदमाशों के ठिकानों पर रेड, 158 हिस्ट्रीशीटरों की चेकिंग एवं 11 जिला बदर व्यक्तियों की जांच की गई।

**उज्जैन** : पुलिस द्वारा अभियान के दौरान 85 स्थाई वारंट, 110 गिरफ्तारी वारंट एवं 05 वसूली वारंट सहित कुल 200 वारंट तामील किए गए। पुलिस द्वारा 150 से अधिक निगरानी, गुंडा एवं चाकूबाज बदमाशों की घर-घर जाकर चेकिंग की गई, जबकि 50 से अधिक जिला बदर आरोपियों का सत्यापन किया गया। हत्या एवं हत्या के प्रयास जैसे गंभीर मामलों में फरार 04 आरोपियों को भी रात्रिकालीन दबिश देकर गिरफ्तार किया गया।

**खंडवा** : पुलिस ने 30 स्थायी, 97 गिरफ्तारी और 17 अन्य वारंट तामील कर 144 आरोपियों को गिरफ्तार किया ।

**मन्दसौर** : पुलिस द्वारा कॉम्बिंग गश्त के दौरान 78 स्थायी एवं 31 गिरफ्तारी वारंटियों सहित कुल 109 वारंटियों को गिरफ्तार किया गया। साथ ही 114 हिस्ट्रीशीटर, गुंडा एवं निगरानी बदमाशों की चेकिंग की गई। कार्रवाई के दौरान थाना शामगढ़ पुलिस ने 68 ग्राम एमडी ड्रग तथा थाना नाहरगढ़ पुलिस ने एक बलेनो कार से 65 किलोग्राम डोडाचूरा जब्त करने में सफलता प्राप्त की। इसके अतिरिक्त 11 आबकारी प्रकरणों में 16 आरोपियों की गिरफ्तारी कर 57.24 लीटर

# "गृहस्थ जीवन में आत्मसाक्षात्कार का सरल मार्ग — सहजयोग"

योग का वास्तविक अर्थ है — जुड़ना, मिलना और पूर्णता की ओर अग्रसर होना। मानव जीवन सदैव किसी ऐसी शक्ति की खोज में रहता है, जो उसे आंतरिक शांति, संतुलन और आत्मिक आनंद प्रदान कर सके। विज्ञान भी यह सिद्ध करता है कि प्रकृति का प्रत्येक कण अपने अस्तित्व को पूर्ण करने के लिए दूसरे तत्वों से जुड़ने का प्रयास करता है। उसी प्रकार मनुष्य भी आत्मा और परमात्मा के मिलन की सहज अनुभूति चाहता है।

युगों से आत्मज्ञान और आत्मसाक्षात्कार के अनेक मार्ग बताए गए हैं। अधिकांश मार्ग संसार से दूर होकर वैराग्य अपनाने की प्रेरणा देते हैं, किंतु भारतीय संस्कृति की विशेषता यह है कि वह गृहस्थ जीवन में रहते हुए भी आध्यात्मिक उत्कर्ष का मार्ग दिखाती है। परिवार, समाज और अपने दायित्वों का संतुलित एवं विवेकपूर्ण पालन करते हुए आत्मिक उन्नति करना ही वास्तविक सहजयोग है। पूज्य श्री माताजी निर्मला देवी जी द्वारा प्रदत्त सहजयोग आत्मोन्नति की एक अत्यंत सरल, सर्वसुलभ एवं निःशुल्क साधना पद्धति है। सहजयोग में साधना की शुरुआत वहीं से होती है, जहां तक पहुंचने के लिए साधकों को वर्षों के कठिन तप और साधना से गुजरना पड़ता है। श्री माताजी की कृपा से साधक क्षणमात्र में आत्मसाक्षात्कार प्राप्त कर परम चैतन्य से जुड़ने का अनुभव कर सकता है।

सहजयोग की विशेषता यह है कि इसमें संसार, परिवार या सामाजिक उत्तरदायित्वों का त्याग नहीं करना पड़ता। न ही किसी प्रकार का आर्थिक शुल्क देना होता है। केवल विनम्रता, श्रद्धा और पूर्ण समर्पण ही इसकी आधारशिला हैं। यह साधना व्यक्ति को अहंकार, क्रोध, लोभ, मोह, ईर्ष्या तथा दुर्व्यसनों से मुक्त कर प्रेम, आनंद और संतोष से परिपूर्ण जीवन जीने की प्रेरणा देती है।

सहजयोग के नियमित अभ्यास से मानसिक तनाव कम होता है, विचारों में शांति आती है तथा व्यक्ति निर्विचार ध्यान की अवस्था का अनुभव करता है। यही अवस्था आंतरिक संतुलन और आत्मिक जागृति के द्वार खोलती है।

**सहजयोग पूर्णतः निशुल्क है। सहजयोग ध्यान केंद्र की जानकारी प्राप्त करने हेतु टोल फ्री नंबर 1800 2700 800 पर संपर्क करें।**



## सहजयोग
## पंचतत्वों के सूक्ष्म जागरण से व्यक्तित्व का दिव्य रूपांतरण

सहजयोग में श्री माताजी की अनुकम्पा से कुंडलिनी जागरण द्वारा आत्मसाक्षात्कार प्राप्ति के पश्चात जिन पंचतत्त्वों से हम बने हैं, चैतन्य लहरियाँ उन तत्त्वों के सूक्ष्म तत्त्व से हमें जोड़ने लगती हैं। यह बड़ी सूक्ष्म बात है, इसकी सूक्ष्मता हमें समझनी चाहिए। श्री माताजी के अनुसार,

* प्रकाश अभिव्यक्त होने वाला प्रथम तत्त्व है और उसका सूक्ष्म तत्त्व है तेज, आत्मसाक्षात्कार प्राप्त होने के पश्चात व्यक्ति (गहन सहजयोगी) का मुखमण्डल तेजोमय हो उठता है।



* स्थूल वायु का सूक्ष्म तत्त्व आपको प्राप्त होने वाली शीतल चैतन्य लहरियाँ है। आत्म साक्षात्कार के बाद आप केवल लहरियाँ ही नहीं प्राप्त करते, शीतलता का भी अनुभव करते हैं।

* जल तत्त्व सूक्ष्म रूप में जब अभिव्यक्ति होता है तो वह सहजयोगी की कठोर त्वचा को कोमल करता है, उनके अंदर का जल ही उनके चेहरे की त्वचा को चमक और पोषण प्रदान करता है। इसी के साथ आत्मसाक्षात्कारी व्यक्ति अत्यन्त मृदु और विनम्र हो जाते हैं।

* आप में अग्नि भी है परन्तु यह अत्यन्त शान्त अग्नि है। यह किसी अन्य को नहीं जलाती, आपके अंदर बुराइयों को और आपके माध्यम से अन्य लोगों की बुरारियों को आपकी यह अग्नि जला देती है। यदि आप पूर्णतः विकसित सहजयोगी हैं तो अग्नि आपको कभी नहीं जलाएगी क्योंकि अग्नि तत्त्व का सार आपको प्राप्त हो जाता है।

* पृथ्वी माँ है। पृथ्वी की बहुत सी सूक्ष्मताएं हममें आ जाती हैं। इनमें से एक गुरुत्वाकर्षण है । गुरुत्वाकर्षण की अभिव्यक्ति से व्यक्ति अत्यन्त आकर्षक हो जाता है। पृथ्वी माँ की तरह हम भी अत्यन्त सहनशील और धैर्यवान बनने लगते हैं।

* आपके अन्दर आकाश तत्त्व भी कार्य करने लगता है, यह आपके चित्त के माध्यम से कार्य करता है चित्त डालने के लिए आपको मुझसे नहीं कहना पड़ता, आप स्वयं चित्त डालिए, और कार्य हो जाएगा।

[२५-१२-१९९८]

# मध्यप्रदेश राज्य वक्फ बोर्ड द्वारा भव्य छात्रवृत्ति वितरण समारोह का आयोजन

## मध्यप्रदेश बनेगा देश का ब्लू इकॉनमी हबः केज कल्चर के लिए डेढ़ से दो लाख प्रस्ताव

**भोपाल. मध्यप्रदेश राज्य वक्फ बोर्ड द्वारा आज भोपाल के प्रतिष्ठित [सभागार का नाम, जैसेः रवींद्र भवन] में एक भव्य छात्रवृत्ति वितरण समारोह का आयोजन किया गया।**

इस समारोह का मुख्य उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर और मेधावी छात्रों को शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करना था। समारोह की शुरुआत दीप प्रज्वलन और 'सरस्वती वंदना' के साथ हुई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि, मध्यप्रदेश सरकार के माननीय [मंत्री का नाम / जैसेः अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री], ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा ही प्रगति की कुंजी है।

उन्होंने राज्य वक्फ बोर्ड की इस पहल की सराहना की और कहा कि सरकार हमेशा शिक्षा को प्राथमिकता देती है और ऐसे प्रयासों को समर्थन देती रहेगी।






मध्यप्रदेश राज्य वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष, [अध्यक्ष का नाम], ने अपने अध्यक्षीय भाषण में कहा, "आज हम [संख्या / जैसेः 500] से अधिक छात्रों को लगभग [राशि / जैसेः 50 लाख] रुपये की छात्रवृत्ति प्रदान कर रहे हैं।

यह सिर्फ एक आर्थिक मदद नहीं है, बल्कि एक विश्वास है कि ये छात्र देश के निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान देंगे। हमारा लक्ष्य है कि कोई भी मेधावी छात्र आर्थिक अभाव के कारण शिक्षा से वंचित न रहे।"

मंच पर भोपाल के शहर काजी [काजी का नाम] और बोर्ड के अन्य प्रतिष्ठित सदस्य भी मौजूद थे, जिन्होंने छात्रों को आशीर्वाद दिया और उन्हें कड़ी मेहनत करने की प्रेरणा दी। इस वर्ष की छात्रवृत्ति सूची में भोपाल के [यूनिवर्सिटी / कॉलेज का नाम] के छात्र, [छात्र का नाम], को "वर्ष का सर्वोत्कृष्ट छात्र" पुरस्कार दिया गया, जिसे [राशि] का चेक और प्रशस्ति पत्र भेंट किया गया। समारोह के अंत में, बोर्ड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (CEO) ने सभी मेहमानों और छात्रों का आभार व्यक्त किया। समारोह में छात्रों के अभिभावक, कॉलेज के शिक्षक और शहर के कई गणमान्य नागरिक मौजूद थे। इस कार्यक्रम ने न केवल छात्रों के चेहरे पर मुस्कान लाई, बल्कि समाज में शिक्षा के महत्व को भी रेखांकित किया।




फोटो कैप्शनः मध्यप्रदेश राज्य वक्फ बोर्ड द्वारा आयोजित छात्रवृत्ति वितरण समारोह के दौरान मंच पर विराजमान मुख्य अतिथि [नाम], बोर्ड अध्यक्ष [नाम], और अन्य गणमान्य व्यक्ति। सभागार में उपस्थित छात्र और उनके अभिभावक।

# महाराणा प्रताप जयंती पर निकली भव्य शोभायात्रा

### 40 गांवों के राजपूत समाज की रही सहभागिता



परमेश्वर में तेजस्वी महाराणा प्रताप उत्सव समिति द्वारा महाराणा प्रताप की 486वीं जयंती बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर करीब 40 गांवों के राजपूत समाज के लोग एकत्रित होकर भव्य शोभायात्रा में शामिल हुए। शोभायात्रा पूरे धूमधाम और पारंपरिक अंदाज में निकाली गई। आयोजन में समाज के वरिष्ठजन, युवा एवं महिलाएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। बताया गया कि यह शोभायात्रा पिछले 18 वर्षों से लगातार आयोजित की जा रही है। कार्यक्रम का संचालन समस्त राजपूत करणी सेना के नेतृत्व में किया गया।

# अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा ने वितरित किया शरबत



इंदौर। अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के द्वारा बर्रा के फत्तेपुर गोही में शरबत वितरण किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा प्रदेश अध्यक्ष कुं मनोज भदौरिया तथा महासभा के कुलदीप सिंह भदौरिया फ़ौजी ने राहगीरों को शर्बत वितरित कर किया। इस मौके पर आयोजक प्रदेश अध्यक्ष कुं मनोज भदौरिया ने कहा कि भीषण गर्मी को देखते हुए उनके तथा समाजसेवी कुलदीप भदौरिया फौजी के द्वारा ठंडा शर्बत वितरित किया जा रहा है। इस अवसर पर सैकडों राहगीरों ने शरबत पीकर गर्मी में राहत की सांस ली। इस मौके पर काफी संख्या में पदाधिकारी मौजूद रहे।

# ग्रीष्मकालीन जल आपूर्ति की समीक्षा, निर्बाध पेयजल पर जोर





इंदौर/आदित्य शर्मा


**कलेक्टर श्री शिवम वर्मा एवं आयुक्त श्री क्षितिज सिंघल द्वारा ग्रीष्मकाल के दौरान शहर में सुचारू जल प्रदाय व्यवस्था सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मुसाखेड़ी स्थित सभा कक्ष में समीक्षा बैठक आयोजित की गई।**

बैठक में समस्त अपर आयुक्त, विभागीय अधिकारी एवं संबंधित कर्मचारी उपस्थित रहे।बैठक में टंकियों, टैंकरों, हाइड्रेंट व्यवस्था और विभिन्न जोनों में जल वितरण की स्थिति पर चर्चा हुई।

अधिकारियों को जल संकट वाले क्षेत्रों में तत्काल वैकल्पिक व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा पेयजल आपूर्ति, टंकियों की सफाई और टैंकर संचालन में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं बरतने के निर्देश दिए गए।

# मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने धावक गुरिंदरवीर सिंह को दी बधाई

**भोपाल.** मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने धावक गुरिंदरवीर सिंह को एथलेटिक्स फेडरेशन कप में 100 मीटर दौड़ 10.09 सेकंड में पूरी कर नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाते हुए स्वर्ण पदक जीतने पर बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि गुरिंदरवीर सिंह 10.10 सेकंड से कम समय में 100 मीटर दौड़ पूरी करने वाले पहले भारतीय एथलीट बन गए हैं। यह सफलता देश को गौरवान्वित करने के साथ युवाओं के लिए प्रेरणादायक भी है।




**गंगा दशहरा' के पावन पर्व पर समस्त देशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। माँ गंगा का पावन आशीर्वाद हम सभी के जीवन में सुख, समृद्धि, आरोग्य एवं नई ऊर्जा का संचार करे तथा राष्ट्र निरंतर विकास और वैभव के पथ पर अग्रसर रहे यही प्रार्थना है।**

# मुख्यमंत्री डॉ. यादव के निर्देशन में नवीन वक्फ अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन से म.प्र. वक्फ बोर्ड को मिली कानूनी और प्रशासनिक मजबूती

**वक़्फ़ बोर्ड को हानि पहुंचाने वाले प्रबंधकों के विरूद्ध 41 करोड़ रुपये से अधिक की वसूली के नोटिस जारी**

**भोपाल. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मार्गदर्शन में मध्यप्रदेश वक़्फ़ बोर्ड ने नवीन वक़्फ़ अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन से वक़्फ़ संपत्तियों के संरक्षण, पारदर्शी प्रबंधन और जनहित में उनका उपयोग सुनिश्चित करने के लिए ऐतिहासिक और प्रभावी कार्रवाई की है।**

वक़्फ़ बोर्ड की संपत्तियों से वर्षों से अवैध कब्जाधारियों को हटाया गया और भौतिक सत्यापन के बाद जरुरतमंद लोगों को संपत्ति के माध्यम से रोजगार उपलब्ध कराने पर ध्यान दिया गया। वक़्फ़ बोर्ड की आय कैसे बड़े इस पर अन्य राज्यों की वफ्फ समितियां से चर्चा कर, राजस्व बढ़ाने के लिए कार्य किया गया। भारत सरकार द्वारा वक़्फ़ संपतियों का लेखा-जोखा उम्मीद पोर्टल पर दर्ज कराने में म.प्र. वक़्फ़ बोर्ड ने देश में पहला स्थान प्राप्त किया है। परिणामस्वरूप म.प्र. वक़्फ़ बोर्ड को स्कॉच अवार्ड से नवाजा गया।

## नवीन वक्फ अधिनियम के बाद समाज के बेटा-बेटियों के लिए खुली हैं नई राहें

म.प्र. वक़्फ़ बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. सनवर पटेल ने बताया कि देश में वक़्फ़ संशोधन कानून लागू होने के बाद मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में म.प्र. वक़्फ़ बोर्ड ने कानून के मंशानुरूप कई समाजिक परिवर्तनकारी कार्यों को आगे बढ़ाते हुए समाज को नई दिशा दी है। इसी क्रम में मुख्यमंत्री की इच्छा शक्ति के परिणामस्वरूप 1552 बेटा-बेटियों को ड्रॉप आउट होने से बचाया गया। वे आगे की पढ़ाई जारी रख सकें, इसके लिए समुचित रुप से आर्थिक सहायता की व्यवस्था भी की गई, नवीन वक्फ अधिनियम के बाद समाज के बेटा-बेटियों के लिए नई राहें खुली है। इसी क्रम में मुख्यमंत्री डॉ. यादव 25 मई को रवीन्द्र भवन में भोपाल जिले के 849 मेधावी बेटा-बेटियों को स्कॉलरशिप प्रदान कर सम्मानित करेंगे। यह शुरुआत है, वक़्फ़ बोर्ड मध्यप्रदेश के प्रत्येक जिले में इस तरह बेटा-बेटियों को स्कॉलरशिप देकर सम्मानित करेगा। मध्यप्रदेश वक़्फ़ बोर्ड द्वारा 'पढ़ो पढ़ाओ - राष्ट्र निर्माण में भागीदार बनों' जैसे नवाचार की चर्चा के बाद मध्यप्रदेश वक़्फ़ बोर्ड की योजनाओं और कार्य करने की शैली को समझने के लिए अनेक राज्यों द्वारा अपने अधिकारी-कर्मचारियों को मध्यप्रदेश वक़्फ़ बोर्ड के कार्यालय में भेजा जा रहा है।



## वक़्फ़ संपत्तियां स्वच्छ और जवाबदेह प्रबंधन को सौंपने के लिए उठाए गए निर्णायक कदम

मुख्यमंत्री डॉ. यादव के निर्देशन में नवीन वक़्फ़ अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन से मध्यप्रदेश वक़्फ़ बोर्ड को कानूनी एवं प्रशासनिक मजबूती प्राप्त हुई। वक़्फ़ माफियाओं, दागदार प्रबंधकों और अवैध कब्जाधारियों के विरुद्ध कठोर अभियान चलाया गया। वक़्फ़ संपत्तियों को दागदार हाथों से मुक्त कर स्वच्छ और जवाबदेह प्रबंधन को सौंपने की दिशा में निर्णायक कदम उठाए गए। समानांतर वक़्फ़ बोर्ड चलाकर वक़्फ़ संपत्तियों को हानि पहुँचाने वाले तत्वों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की गई। वक़्फ़ को हानि पहुँचाने वाले प्रबंधकों के विरुद्ध कुल 41 करोड़ रुपये से अधिक की वसूली के लिए आरआरसी/वसूली नोटिस जारी किए गए और वसूली की कार्यवाही भी की गई। इस क्रम में वक़्फ़ यतीमखाना शाहजहांनी, भोपाल के प्रबंधक को 28 करोड़ 96 लाख रुपये का वसूली नोटिस जारी किया गया, जो देश के वक़्फ़ इतिहास का अब तक का सबसे बड़ा वसूली नोटिस माना जा रहा है। वक़्फ़ मदर गेट उज्जैन के प्रबंधन के विरुद्ध 7 करोड़ 21 लाख रुपये की वसूली के लिए कार्रवाई की गई। वक़्फ़ जामा मस्जिद, बीना बजरिया सागर के प्रबंधकों के विरुद्ध 1 करोड़ 84 लाख रुपये की वसूली का नोटिस जारी कर कार्यवाही की गई। वक़्फ़ बड़वाली चौकी, इंदौर प्रकरण में 1 करोड़ 24 लाख रुपये की वसूली की कार्रवाई की गई।

इसी क्रम में वक़्फ़ हिंदू अनाथालय, भोपाल के प्रबंधन पर 1 करोड़ 5 लाख रुपये की वसूली के लिए आरआरसी जारी की गई। वक़्फ़ अंजुमन इस्लामिया, जबलपुर के पूर्व अध्यक्ष प्यारे साहब द्वारा वक़्फ़ को पहुँचाई गई 81 लाख 43 हजार रुपये की हानि की वसूली के लिए भी नोटिस जारी किया गया। इन कार्यवाहियों ने यह स्पष्ट कर दिया है कि नवीन वक़्फ़ बोर्ड वक़्फ़ संपत्तियों की सुरक्षा, पारदर्शिता और जवाबदेही के प्रति पूर्णतः प्रतिबद्ध है। वक़्फ़ को हानि पहुँचाने वाले किसी भी व्यक्ति, माफिया या दागदार प्रबंधन के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई निरंतर जारी है।

## अब सभी वक़्फ़ संपत्तियां दर्ज है ऑनलाइन

केन्द्र सरकार द्वारा नये संशोधन कानून से वक़्फ़ संपतियों पर बैठे कब्जाधारियों को भी सोचने पर मजबूर होना पड़ा है। सभी संपत्तियां ऑनलाइन दर्ज है, इस कारण कहीं कोई गड़बड़ी नहीं कर सकता, इस बात की दहशत भी वक़्फ़ माफियाओं में देखने को मिली है। वक़्फ़ संपतियों के डिजिटलीकरण के परिणामस्वरूप पारदर्शी व्यवस्था सुनिश्चित हुई है। इससे अनैतिक गतिविधियां करने वाले हतोत्साहित हुए। कृषि भूमियों की समय पर नीलामी की गई, जिससे राजस्व में वृद्धि हुई और इनका परिणाम आज सबसे सामने है। समाज के हर वर्ग में इसकी सराहना हो रही है।

## म.प्र. वक़्फ़ बोर्ड के इतिहास में पहली बार हुआ पौधरोपण का निर्णय

म.प्र. वक़्फ़ बोर्ड अध्यक्ष डॉ. सनवर पटेल ने बताया कि इस वर्ष मध्यप्रदेश वक़्फ़ बोर्ड के इतिहास में पहली बार यह निर्णय लिया गया है कि वक़्फ़ बोर्ड की निगरानी में पर्यावरण को संरक्षित करने के उद्देश्य से पूरे प्रदेश में वक़्फ़ बोर्ड की जमीनों पर पांच लाख पौधरोपण का लक्ष्य निर्धारित किया है। समाज के हर वर्ग और प्रत्येक व्यक्ति से अपने पूर्वजों के नाम पर एक पौधा अवश्य लगाने का अनुरोध किया जा रहा है। पौध-रोपण के बाद उनकी सही देखभाल के लिए जिलेवार जिम्मेदारी तय की जाएगी और अच्छा कार्य करने वालों को पुरस्कृत भी किया जाएगा।

# मंत्री श्री विश्वास सारंग ने किया करोड़ों की लागत से होने वाले विकास कार्यों का भूमि-पूजन

**वार्ड 78 में सीवेज परियोजना से हजारों परिवारों को मिलेगा प्रत्यक्ष लाभ**

**भोपाल. सहकारिता, खेल और युवा कल्याण मंत्री श्री विश्वास कैलाश सारंग ने रविवार को नरेला विधानसभा अंतर्गत वार्ड 78, विश्वकर्मा नगर में 23 करोड़ से अधिक की लागत से होने वाली सीवेज परियोजना एवं अन्य विकास कार्यों का भूमि-पूजन किया।**



मंत्री श्री सारंग ने अपने संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में राज्य सरकार मध्यप्रदेश में विकास और जनकल्याण के नए आयाम स्थापित कर रही है। हर वर्ग के कल्याण और हर क्षेत्र का समुचित विकास सरकार की प्राथमिकता है।

मंत्री श्री सारंग ने कहा कि हमारा लक्ष्य केवल विकास कार्य करना नहीं बल्कि प्रत्येक नागरिक के जीवन को सुगम भी बनाना है। मंत्री श्री सारंग ने कहा कि इस परियोजना से स्वच्छता व्यवस्था बेहतर होगी, जलभराव एवं गंदगी की समस्या से राहत मिलेगी तथा नागरिकों को स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण प्राप्त होगा। कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधि सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

## हज़ारों परिवारों को मिलेगा प्रत्यक्ष लाभ

वार्ड 78 स्थित विश्वकर्मा नगर में 23 करोड़ से अधिक की लागत से निर्माण होने वाली इस परियोजना के अंतर्गत 13 करोड़ रुपये की लागत से 42 किलोमीटर लंबा सीवर नेटवर्क बनाया जाएगा तथा 9 करोड़ रुपये की लागत से 8079 हाउस सीवर कनेक्शन प्रदान किए जाएंगे, जिससे लगभग 35,306 नागरिकों को प्रत्यक्ष लाभ प्राप्त होगा।

परियोजना पूर्ण होने के बाद क्षेत्रवासियों को बेहतर स्वच्छता, आधुनिक सीवेज व्यवस्था और सुगम नागरिक सुविधाएं प्राप्त होंगी। इससे न केवल जनजीवन अधिक सरल एवं सुविधाजनक बनेगा बल्कि क्षेत्र के समग्र विकास को भी नई दिशा मिलेगी।

# एमपी ट्रांसको में स्वदेशी एप "आराताई" का उपयोग बढ़ा

**ट्रांसमिशन लाइन मेंटेनेंस में भी हुआ अनिवार्य**

**इन्दौर. डिजिटल कार्यप्रणाली में आत्मनिर्भर भारत की भावना को मजबूती प्रदान करने की दिशा में मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एमपी ट्रांसको) में स्वदेशी एप "आराताई" का उपयोग लगातार बढ़ता जा रहा है। कंपनी द्वारा इसे पूरे प्रदेश में चरणबद्ध तरीके से लागू किया जा रहा है।**

पहले फील्ड के सबसे बड़े विंग टेस्टिंग में इस स्वदेशी एप के उपयोग को लागू कर अनिवार्य किया गया था, वहीं अब प्रदेश की 43 हजार सर्किट किलोमीटर से अधिक लंबी ट्रांसमिशन लाइनों तथा लगभग 90 हजार ट्रांसमिशन टावरों के रखरखाव की जिम्मेदारी संभालने वाले ट्रांसमिशन लाइन मेंटिनेंस विंग में भी इसका उपयोग अनिवार्य कर दिया गया है।

ट्रांसमिशन लाइन मेंटिनेंस के मुख्य अभियंता श्री डी. के. अग्रवाल ने बताया कि प्रदेश के 4 ट्रांसमिशन लाइन मेंटिनेंस सर्कल, 12 ट्रांसमिशन लाइन मेंटिनेंस संभाग एवं 37 ट्रांसमिशन लाइन मुख्यालयों के समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए यह अनिवार्य किया गया है कि वे अपनी प्रतिदिन की रिपोर्टिंग, ट्रिपिंग की स्थिति, मेंटिनेंस गतिविधियों तथा अन्य आधिकारिक संदेशों के आदान-प्रदान के लिए केवल स्वदेशी "आराताई" एप का ही उपयोग करें।

उन्होंने बताया कि व्हाट्सएप पर किए जा रहे किसी भी प्रकार के आधिकारिक संदेश अब मान्य नहीं किये जा रहे हैं। एमपी ट्रांसको द्वारा स्वदेशी तकनीक के उपयोग को बढ़ावा देने की दिशा में भी लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। "आराताई" जैसे स्वदेशी एप के माध्यम से कंपनी में सुरक्षित एवं व्यवस्थित संचार व्यवस्था विकसित हो रही है।

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बाघ के हमले से महिला की मृत्यु पर दुःख व्यक्त किया

**भोपाल. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बांधवगढ़ राष्ट्रीय उद्यान अंतर्गत ग्राम खेरवा टोला, जिला उमरिया में बाघ के हमले में एक महिला की मृत्यु और कुछ नागरिकों के घायल होने पर दुःख व्यक्त किया।**

उल्लेखनीय है कि फुलबाई पति पहलू पाल की दुःखद हादसे में मृत्यु हो गई। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने संवेदनाएं व्यक्त करते हुए हमले में मृतक के परिजन को 25 लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान करने के निर्देश दिए हैं। घायलों के निःशुल्क उपचार और आवश्यक मुआवजा उपलब्ध कराने के लिए भी निर्देशित किया गया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सोशल मीडिया पर जारी संदेश में बाबा महाकाल से दिवंगत की आत्मा की शांति और घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की प्रार्थना की है।

# मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने जल प्रदाय से जुड़े सभी संबंधित अधिकारियों को दिये सख्त निर्देश

**मुख्य सचिव श्री जैन ने ली सभी कलेक्टर, नगरीय निकाय, पंचायत, पीएचई एवं जल निगम के अधिकारियों की बैठक**

### जल परिवहन में लगे पानी के टैंकर की निगरानी होगी सख्त, दुरूपयोग पर होगी कार्रवाई

इंदौर/आदित्य शर्मा

**मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने पेयजल व्यवस्था से जुड़े सभी विभागों को पेयजल संबंधी मामलों के त्वरित निराकरण और प्रतिदिन मॉनीटरिंग करने के निर्देश दिये हैं।**





इस क्रम में नगरीय निकाय, पंचायत, पीएचई, जल निगम आदि विभागों के पेयजल व्यवस्था से जुड़े समस्त अमले के अवकाश पर प्रतिबंध लगा दिया है। केवल अपरिहार्य परिस्थितियों में ही अवकाश स्वीकृत होंगे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव के निर्देश पर मुख्य सचिव श्री अनुराग जैन ने रविवार को कलेक्टर्स एवं नगरीय निकाय, पंचायत, पीएचई और नगर निगम के अधिकारियों के साथ वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक ली। उन्होंने कलेक्टर्स से कहा है कि वे सेंट्रल कंट्रोल रूम बनाएं और पेयजल उपलब्धता के लिए अधिकारियों की समिति बनाकर प्रतिदिन समीक्षा करें। यह सुनिश्चित करें कि टैंकर से पेयजल आवश्यकता वाले क्षेत्रों में वितरित हो और किसी भी तरह की अनियमितता नहीं हो। उन्होंने टैंकर के दुरूपयोग पर सख्ती से रोक लगाने के निर्देश दिये। मुख्य सचिव ने अधिकारियों से कहा कि वे जनप्रतिनिधियों से संवाद और समन्वय रखकर पेयजल की कमी वाले क्षेत्रों में पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करें।

मुख्य सचिव श्री जैन ने कलेक्टर से कहा कि पेयजल उपलब्धता के लिये युद्ध स्तर पर काम करें। शहरी क्षेत्र की पानी की टंकियों को भरने में समानता रखें और अन्य विभागों के साथ ही ऊर्जा विभाग को भी इस पूरे प्लान में शामिल रखें। उन्होंने निर्देश दिये कि कोई भी नलजल योजना का विद्युत कनेक्शन न कटे। मुख्य सचिव श्री जैन ने बताया कि राज्य शासन ने ग्रामीण क्षेत्रों में वोरवेल आदि के खनन के लिए 1500 करोड़ रूपये की राशि जारी की है और पंचायतों को संधारण कार्य के लिए 55 करोड़ रूपये की अतिरिक्त राशि भी दी गई है, जिससे पेयजल उपलब्धता में कोई असुविधा नहीं हो। उन्होंने कहा कि हर स्तर पर मेकेनिज्म तैयार करें और नियमित रूप से समीक्षा करें। बैठक में नगरीय विकास, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, पीएचई, ऊर्जा और सामान्य प्रशासन विभाग के अपर मुख्य सचिव सहित अन्य अधिकारी बैठक में शामिल हुए।

मुख्य सचिव श्री जैन कहा कि कंट्रोल रूम को स्वयं कलेक्टर लीड करें और जनप्रतिनिधियों आदि से प्राप्त होने वाली शिकायतों के अलावा लोक सेवा गारंटी तथा सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों का न्यूनतम समय अवधि में निराकरण करवाएं। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधियों और नागरिकों के साथ बेहतर संवाद रखें एवं पेयजल उपलब्धता तथा शिकायतों के निराकरण का प्रचार-प्रसार भी करें। उन्होंने कहा कि आगामी एक माह के लिए प्लान बनाकर रोज सख्ती से मानीटरिंग की जाए। पेयजल प्रदाय कार्य में लगे सभी विभागों के अमले के अवकाश पर तत्काल प्रतिबंध लगाएं और अपरिहार्य होने पर ही अवकाश स्वीकृत किया जाए।

मुख्य सचिव श्री जैन ने कलेक्टर्स को निर्देश दिए कि वे ट्रीटेड वाटर का भी समुचित उपयोग करें साथ ही टैंकर से जल प्रदाय पर विशेष ध्यान रखें और यह सुनिश्चित करें कि हर हाल में बसाहटों में टैंकर पहुंचे तथा जल प्रदाय करें। कलेक्टर्स से कहा गया है कि नई एसओपी जारी की गई है, एसओआर को रिवाइज किया गया है और अब जल संधारण के 10 हजार तक के कार्य पंचायत स्वयं कर सकती है। मुख्य सचिव ने कहा कि 15वां एवं 16वां वित्त आयोग की राशि का भी पेयजल उपलब्धता में उपयोग किया जा सकता है। मुख्य सचिव ने बताया कि केन्द्र वित्त आयोग, राज्य वित्त आयोग, मूलभूत मद, अन्य अनुदान जो केन्द्र या राज्य शासन से दिया गया है, के अलावा पंचायत की स्वयं के आय के स्रोतों से भी पेयजल व्यवस्था पर पंचायतें व्यय कर सकती हैं। उन्होंने कमिश्नर से भी अपने संभाग में विशेष सतर्कता बनाए रखने के लिए कहा है।

अपर मुख्य सचिव श्री नीरज मंडलोई ने कलेक्टर्स से कहा कि वे पेयजल के सभी स्रोतों पर विशेष सतर्कता रखें और पहले से यह जानकारी रखें कि कहीं स्रोत में जल की कोई कमी तो नहीं हो रही है। उन्होंने कहा कि वैकल्पिक रूप से जल स्रोत की उपलब्धता पर भी पहले से काम करें।

## गंगा दशहरा महोत्सव अंतर्गत जनपद पंचायत डॉ. अंबेडकर नगर महू में विकासखंड स्तरीय कार्यक्रम सम्पन्न

इन्दौर. गंगा दशहरा महोत्सव के पावन अवसर पर आज जनपद पंचायत डॉ. अंबेडकर नगर महू की समस्त ग्राम पंचायतों में विविध धार्मिक, सांस्कृतिक एवं जनजागरूकता कार्यक्रम अत्यंत श्रद्धा एवं उत्साह के साथ आयोजित किए गए।

"जल गंगा संवर्धन अभियान" के अंतर्गत आयोजित इन कार्यक्रमों का मुख्य उद्देश्य जल संरक्षण, पारंपरिक जल स्रोतों के पुनर्जीवन एवं जनभागीदारी के माध्यम से जल संवर्धन के प्रति व्यापक जागरूकता उत्पन्न करना रहा। इस अवसर पर विकासखंड की सभी ग्राम पंचायतों में गंगा जल यात्रा, गंगा पूजन, नदी-नालों, कुओं एवं बावड़ियों की साफ-सफाई, जल स्रोतों के संरक्षण, श्रमदान तथा जल संरचनाओं के जीर्णोद्धार संबंधी गतिविधियाँ आयोजित की गईं। ग्रामवासियों, महिलाओं, युवाओं एवं जनप्रतिनिधियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए जल संरक्षण का सामूहिक संकल्प लिया। विकासखंड स्तरीय मुख्य कार्यक्रम ग्राम पंचायत जाम खुर्द में आयोजित किया गया, जहाँ ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक महत्व की देवी अहिल्याबाई होल्कर द्वारा निर्मित प्राचीन बावड़ी के जीर्णोद्धार कार्य का विधिवत शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ वैदिक मंत्रोच्चार एवं पूजन-अर्चन के साथ हुआ। बावड़ी के पवित्र जल से भगवान शिव का अभिषेक किया गया तथा क्षेत्र की मातृशक्तियों द्वारा पारंपरिक वेशभूषा में भव्य सामूहिक गंगा जल यात्रा निकाली गई। महिलाओं ने कलश यात्रा के माध्यम से ग्राम में जल संरक्षण एवं सनातन संस्कृति का संदेश दिया।



कार्यक्रम में मुख्य यजमान के रूप में क्षेत्रीय विधायक सुश्री उषा ठाकुर उपस्थित रहीं। उनके साथ जनपद पंचायत अध्यक्ष श्री सरदार मालवीय, मंडल अध्यक्ष श्री महेश यादव, मंडल महामंत्री, स्थानीय सरपंच, पूर्व सरपंच, पंच-सरपंचगण, सामाजिक कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

विधायक सुश्री उषा ठाकुर द्वारा कार्यक्रम के दौरान सामूहिक रूप से रुद्राष्टकम का पाठ एवं गायन करवाया गया, जिससे सम्पूर्ण वातावरण भक्तिमय एवं आध्यात्मिक ऊर्जा से ओतप्रोत हो गया। अपने उद्बोधन में उन्होंने जल को जीवन का आधार बताते हुए सभी नागरिकों से जल संरक्षण को जनआंदोलन बनाने की अपील की।







स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक गोपाल गावंडे द्वारा पंकज प्रिंटर्स एण्ड पैकेजिंग एलयूएन-22 सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर (म.प्र.) से मुद्रित एवं जी-1, कॉस्मिक रिजेन्सी 117 गोकुल नगर कनाड़िया इंदौर म.प्र. से प्रकाशित। प्रधान संपादक-गोपाल गावंडे (पी.आर.बी.) एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार (समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा)।